>

Title: Need to complete the construction of various roads in Madhya Pradesh which are pending with Ministry of Road Transport and Highways.

श्री गणेश सिंह (सतना): भारत सरकार के भूतल परिवहन मंत्रालय में मध्य प्रदेश की विभिन्न मदों में सड़कों की स्वीकृति लम्बित है। मैं जानना चाहता हूं कि कल कितने प्रस्ताव राज्य सरकार ने भेजे तथा उनमें से कितनों पर स्वीकृति दी गई है। शेष सड़कों की स्वीकृति कब तक होने वाली है।

मेरे लोक सभा क्षेत्र सतना के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग क्र0 75 में सतना नगर में एक बाईपास बनाने का प्रस्ताव लम्बे समय से विचाराधीन है, उसकी स्वीकृति तथा राष्ट्रीय राज्यमार्ग 7 एवं 75 के 4 लाईन सड़क बनाने पर जो विचार हो रहा था, उस पर क्या प्रगति है।

मैंने केन्द्रीय सड़क निधि से अपने क्षेत्र के अंतर्गत रामपुर से बगहाई, हिनौती, घुंघचिहाई, खमहरिया, अकौना, अबेर मार्ग के निर्माण की स्वीकृति तथा अंतर्राष्ट्रीय सड़क योजना में सतना से सेमरिया इलाहाबाद मार्ग के निर्माण की मांग की थी, जिस पर क्या कार्यवाही हुई, जानना चाहता हूं।